भारतीय मानक ब्यूरो का प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची (आइआइएम रांची) में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के अधिकारियों के लिए समय और परियोजना प्रबंधन पर कार्यक्रम सोमवार को शुरू किया गया। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी शिक्षा के अध्यक्ष डा रोजर्स पी. जोसेफ, कार्यक्रम निदेशक और संकाय सदस्यों और बीआइएस के अधिकारी उपस्थित थे। डा. रोजर्स ने आइआइएम रांची में संचालित विभिन्न कार्यकारी शिक्षा पहल के बारे में बताया। अगले छह दिनों तक अधिकारियों को कई व्यावसायिक विषयों से अवगत कराया जाएगा, जिनमें रणनीति, परियोजना प्रबंधन, हितधारक जुड़ाव और नवाचार प्रबंधन शामिल है। आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने विश्व स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक गंतव्य बनने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रबंधन प्रशिक्षण और विज्ञान एवं इंजीनियरिंग शिक्षा के बीच अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रबंधन की समस्याएं जीवन को प्रतिबिंबित करती हैं और विज्ञान के विपरीत कई समाधानों का हल निकाला जाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को समृद्ध शिक्षण अनुभव और संस्थान के स्थायी परिसर में आरामदायक प्रवास की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि स्थायी परिसर का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया है।

Dainik Jagran _21.11.2023_Pg. 02